मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित

ई–8/77,शाहपुरा, भोपाल
फोन 0755–2926160,2926159 4034839
E-mail: rajyasanghbpl@yahoo.co.in, mpscu.bpl@mp.gov.in
Website :- www.mpscu.in, Portal id- mpscuonline.in

क्रमांक / एच.डी.सी.एम.-7/2027/1630 **भोपाल, दिनांक :**19-11-2026

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक**
   शीर्ष सहकारी संस्थाएँ समस्त (म.प्र.)
2. **उप/ सहायक**
   आयुक्त सहकारिता समस्त (म.प्र.)
3. **मुख्य कार्यपालन**
   अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित समस्त (म.प्र.)
4. **मुख्य कार्यपालन अधिकारी / प्रबंधक नागरिक**
   सहकारी बैंक मर्यादित समस्त (म.प्र.)
5. **मुख्य कार्यपालन अधिकारी / प्रबंधक प्राथमिक /**
   केन्द्रीय सहकारी संस्थाएँ समस्त (म.प्र.)

विषय :- **सहकारी प्रबंध में उच्चतर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (Batch No. HDCM-7 online) में प्रवेश हेतु सूचना।**

संदर्भ :- आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयन सहकारी संस्थाएँ मध्यप्रदेश का पत्र क्रमांक / शि.प्र. /2020/509 भोपाल दिनांक 04/02/2021

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि सहकारी संस्थाओं में नियोजन, पदोन्नति एवं कर्मचारियों की कुशलता वृद्धि एवं कार्यपालन पदों हेतु अनिवार्य योग्यता में से एक सहकारी प्रबंध में उच्चतर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम जिसका संचालन शासन के निर्देशानुसार राज्य सहकारी संघ द्वारा ऑनलाइन किया जा रहा है। सातवा सत्र ऑनलाइन दिनांक 05.01.2027 से 31.05.2027 तक के लिये आयोजित हो रहा है। कृपया आपकी संस्था से संबंधित सहकारिताओं के अधिकारी/कर्मचारियों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु नामांकन भेजने का कष्ट करें।

इस कोर्स में भाग लेने की प्रक्रिया निम्नानुसार है-

1. मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ द्वारा सहकारी संस्थाओं में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सहकारी प्रबंध में उच्चतर पत्रोपाधि (HDCM) पाठ्यक्रम का सातवाँ सत्र (बैच क्रमांक HDCM-7) दिनांक 05.01.2027 से 31.05.2027 तक ऑनलाइन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक अधिकारी एवं कर्मचारी दिनांक 05.12.2026 से 31.12.2026 तक संघ के पोर्टल www.mpscu.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर निर्धारित शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। प्रशिक्षण दिनांक 05.01.2027 से प्रारंभ होगा।
2. ऑनलाइन आवेदन करने में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर संघ मुख्यालय के मोबाइल नंबर 7898006006 अथवा 8770988938 पर संपर्क किया जा सकता है।

3. पाठ्यक्रम में भाग लेने हेतु स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
4. सहकारी संस्थाओं में पदस्थ संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु संस्था का अनापत्ति प्रमाण पत्र/अनुशंसा पत्र होना अनिवार्य है।
5. प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के परीक्षण किये जाने के उपरांत प्रशिक्षण निर्धारित दिनांक 05.01.2027 से प्रारंभ किया जावेगा।
6. संघ द्वारा प्रशिक्षण हेतु चयनित प्रतिभागियों को पाठ्य सामग्री रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की जावेगी।
7. विभिन्न सहकारी संस्थाओं में आउटसोर्स/संविदा में पदस्थ कर्मचारी भी प्रवेश हेतु पात्र है।
8. राज्य सहकारी बैंक एवं जिला सहकारी बैंकों में नव नियुक्त कर्मचारी भी प्रवेश हेतु पात्र है।
8. कार्यालयीन कर्मचारियों का कार्यालयीन कार्य प्रभावित न हो इसलिए डिप्लोमा के तहत सभी व्याख्यान प्रातः 8.00 से 10.30 के मध्य ऑनलाइन माध्यम से प्रसारित किये जाते हैं।
10. प्रतिभागियों की अध्ययन भ्रमण एवं अंतिम परीक्षा प्रतिभागियों द्वारा चयनित संघ संचालित प्रशिक्षण केंद्र क्रमशः भोपाल, इंदौर, जबलपुर, एवं नौगांव जिला छतरपुर द्वारा कराई जावेगी।

संलग्नक – 1. पाठ्यक्रम विवरणिका
2. ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया (परिशिष्ट–1)

(संजय कुमार सिंह)
महाप्रबंधक
मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित,
भोपाल (म.प्र.)

क्रमांक / एच.डी.सी.एम.-7/2027/1630 **भोपाल, दिनांक :** 19-11-2026

प्रतिलिपि -

1. आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयन सहकारी संस्थाएं मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
2. संयुक्त आयुक्त सहकारिता समस्त संभाग मध्यप्रदेश की ओर भेजकर अनुरोध है कि समस्त सहकारी संस्थाओं को आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।
3. प्राचार्य सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र समस्त म.प्र. की ओर इस निर्देश के साथ कि केन्द्र की क्षेत्रीय संस्थाओं से तत्काल संपर्क कर प्रशिक्षणार्थियों के नामांकन के संबंध में सूचित करें।
4. जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक/कम्प्यूटर प्रशिक्षक समस्त म.प्र. की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रबंधक जिला सहकारी संघ समस्त की ओर भेजकर लेख है कि सभी संस्थाओं को भी सूचित करें।

(संजय कुमार सिंह)
महाप्रबंधक
मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित,
भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाऐ (म.प्र.)

पता विन्ध्याचल भवन, भोपाल – 462005
दूरभाष–0755–2551134 (Email-rcs.edutrain@mp.gov.in)

क्रमांक/शि.प्र./2020/509 भोपाल, दिनांक 05/02/202

प्रति

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्या0
भोपाल म.प्र.

विषयः– राज्य सहकारी संघ द्वारा संचालित एच.डी.सी.एम (HDCM) अन्य सर्टीफिकेट कोर्स को ऑनलाईन दूरस्थ शिक्षण पद्धति से आयोजित किये जाने की अनुमति प्रदान करने बाबत।

संदर्भः– संघ का पत्र क्रमांक/प्रशिक्षण/2020/615 दिनांक 30.12.2020।

000

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के द्वारा ऑनलाईन एच.डी.सी.एम (HDCM) अन्य सर्टीफिकेट कोर्स के संबंध में प्रमुख सचिव सहकारिता की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिये गये निर्णय के तारतम्य में संचालन हेतु स्वीकृति चाही गई थी।

राज्य सहकारी संघ द्वारा ऑनलाईन/दूरस्थ शिक्षण पद्धति से एच.डी.सी.एम (HDCM) एव अन्य सर्टीफिकेट कोर्स के संचालन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।


(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)


03-02-21
संयुक्त आयुक्त
सहकारिता (म.प्र.)

Scanned with OKEN Scanner


सहकारी प्रबंध में उच्चतर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (H.D.C.M.) में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रक्रिया

1. राज्य संघ की वेबसाईट www.mpscu.in ओपन करे।
2. Participant Registration In HDCM लिंक पर क्लिक करें।





3. दिया गया फार्म Course Registration Form खुलेगा उसे भरने के बाद Submit बटन पर क्लिक करें। Submit बटन पर क्लिक करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लेंकि आपका पासपोर्ट साईज फोटा, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची एवं आपके कार्यालय का अनापत्ति प्रमाण पत्र की पीडीएफ/जेपीओ फाईल अटैच कर दी गई हों।



CONTACT INFORMATION

Email ID
Enter Email

Phone Number / Mobile
Enter Phone Number

Aadhar Number
Enter Aadhar Number

WhatsApp Number
Enter WhatsApp Number

DOCUMENT UPLOADS

Upload Photo
Choose File No file chosen


No Objection Certificate
Choose File No file chosen

Upload Last Qualification Document
Choose File No file chosen

Submit

Note - If you want to attach more than one qualification document, then create a PDF and submit it.

4. Submit बटन पर क्लिक करने के बाद आपको भरा हुआ फार्म दिखाइ देगा और सबसे नीचे Pay Amount बटन होगी जिस पर क्लिक करके फीस ऑन लाईन माध्यम से भुगतान करना है।



5. भुगतान के बाद फार्म का प्रिन्ट अवश्य निकाल लें।
6. स्कूटनी के पश्चात प्रवेश की सूचना जारी की जावेगी।